सेवा में,

थाना प्रभारी, महिला थाना, अररिया.

7 जुलाई 2020

विषय: मेरे साथ हुए सामूहिक बलात्कार के सम्बन्ध में

महोदया,

आपसे निवेदन है कि मैं, [redacted] रिया, जिला अररिया की निवासी हूँ. कुछ दिन से मैं साहिल पिता मुहम्मद शाहिद. उम्र 23 साल, निवासी खरैय्या बस्ती, ईदगाह चौक के निकट, अररिया, से बात करती थी. वह मुझे शाम के वक्त मोटरसाइकिल चलाना सिखाता था. कल दिनांक 6 जुलाई, 2020 को शाम, 7:30 बजे के करीब, उसने मुझे मोटरसाइकिल सिखाने बुलाया. मुझे जाने का मन नही था, लेकिन उसने जिद्द की तो मैं चली गई. रात 8 बजे के करीब मैं उसे स्टेट बैंक के पास मिली. वहां से ए.डी.बी. चौक पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर वह मुझे किसी स्कूल के मैदान लेकर गया. आधा घंटा उसने मुझे मोटरसाइकिल चलाना सिखाया. रात 8:30 बजे के करीब, मुझे लगा कि देर हो रही है और मुझे घर लौटना चाहिए. तो मैंने साहिल को बोला मुझे वापस घर छोड़ दे. घर लेकर जाने की बजाय, वह मुझे नहर के पास एक सुनसान रास्ता पर लेकर गया. वहीं पर वह पेशाब करने रुक गया. मैं उसे बोलती रह गई कि तुम मुझे घर लेकर जाओ, मुझे कहाँ लेकर आए हो? तभी वहाँ पीछे से तीन आदमी, नाम और पता नामालूम, एक बाइक से पहुँच गए. वह लोग मुझे पकड लिए और मेरा नाम पूंछने लगे. जब मैंने जवाब नहीं दिया, तो उन तीनों ने मुझे जबरदस्ती उनकी बाइक पर बैठा लिया. साहिल ने एक बार भी उन आदमियों को रोकने की कोशिश नहीं की. उल्टा, जब वे मुझे जबरदस्ती बाइक पर बैठा रहे थे तब साहिल चुपचाप सब देख रहा था. मैं चिल्लाकर साहिल से मदद भी मांग रही थी पर उसने मेरी मदद नहीं की, मैंने इन आदमियों को धक्का भी मारने कि कोशिश की, खुद को बचाने के लिए हाथ पैर मारने की कोशीश की, लेकिन वे तीन थे और मैं अकेली. मेरे अपने को बचाने के प्रयास असफल रहे. जब इन लोगों ने साहिल को साथ चलने के लिए कहा तो साहिल ने कुछ नहीं बोला, बस अपनी बाइक पर चढ़कर चला गया. साहिल इन लोगों से मिला हुआ था और उसने पहले से इन लोगों के साथ प्लानिंग करके रखी थी, पर मैं इन लोगों को नहीं जानती. अब तक मैं पूरी तरह से डर गयी थी और मुझे अपनी जान का खतरा दिख रहा था. इसके बाद तीनों मुझे कुछ दूर किसी जंगल के पास ले गए. वहां मुझे उतारा गया. दो लड़को को भी मेरे साथ उतारा गया. उस बीच मैंने भागने की कोशिश की, लेकिन मैं फिसल गई और पैर पर चोट लग गयी. वे बार बार मुझे जान से मारने की धमकी देकर मुझे चुप करा रहे थे. जब हम नहीं माने, मुझे गोदी मे उठाकर वह लोग कुछ दूर पैदल चल दिए और बांस के झाडी के बीच मे लिटाये. वे लोग आपस मे बात कर रहे थे कि इसको कपड़ों मे कीचड़ या दाग ना लगे और उसे कोई चोट ना आने पाए. वहीं पर, जो लड़का बाईक चला रहा था, एक और आदमी के साथ आया. यहाँ पर, चारो पुरुषों ने बारी बारी से मेरे साथ बलात्कार किया. जगह इतनी सुनसान थी कि किसी को मेरे रोने और चीखने की आवाज़ नहीं सुनाई दे रही थी. उन चारों ने मिलकर मेरे कपड़े उतारे, मुझे अपने ही दुप्पट्टे पर लिटाकर मेरे साथ सामूहिक बलात्कार किया. उससे मेरे योनी मे दर्द हुआ और खुन भी निकल रहा था. बलात्कार के बाद, इन चारों आदमियों ने मुझे रात के करीब 10:30 बजे नहर के पास, जहाँ दिन मे मछली बिकती है, छोड दिया. मैं इतनी डरी हुई थी कि मैंने कल्याणी दीदी को कॉल किया, मैं उनके घर मे काम करती हूँ. वह हमे अभिमन्यु भईया के साथ रात मे लेने आयीं और उसी के डेरा पर हम रात रुके. इस पूरी घटना से मैं काफी सदमे मे हूँ. मुझे डर भी है क्यूंकि बस स्टैंड पर मुझे छोड़ते वक्त, उन लोगों ने कहा कि वे मुझे फिर से बुलायेंगे. मैं चाहती हूँ कि मेरी मेडिकल जांच जल्द से जल्द हो. आपसे निवेदन है कि आप जल्द से जल्द मेरे खिलाफ हुए सामूहिक बलात्कार मे कार्यवाई करें और अपराधियों को तुरंत गिरफ्तार करें. [redacted] साहिल का नंबर 7481865875 है एवं कल रात से एक अन्य नंबर- 7494931189 से कॉल और मैसेज आ रहा है.

सधन्यवाद,

[redacted]

7·7·2020

Registered Mahila P.S. Case No. 59/20 dt 07·07·20 u/s 376[D] I.P.C. S.I Anima Kumari will investigate the Case.

Anita Kumari
07·07·20
SHO Mahila P.S.